पत्र संख्या-स्था-1-ऑनलाइन वार्षिक प्रविष्टि/ 2021-22/ 1595 // वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश

(स्थापना राजपत्रित अनुभाग)

लखनऊः दिनांकः 18 अगस्त, 2021

समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1 / ग्रेड-2, वाणिज्य कर उ0प्र0।
समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर/ डिप्टी कमिश्नर/
असिस्टेन्ट कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
समस्त वाणिज्य कर अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
समस्त संयुक्त निदेशक / उप निदेशक / सांख्यिकीय अधिकारी/
एवं अपर सांख्यकीय अधिकारी, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

कृपया मुख्यालय के परिपत्र संख्या-242 दिनांक 16-04-2019 एवं परिपत्र संख्या-182 दिनांक 29-05-2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा समस्त अधिकारियों को क्रमशः वर्ष 2018-19 एवं 2019-20 हेतु अपना वार्षिक कार्यविवरण ऑनलाइन अपलोड करने एवं उनके प्रतिवेदक / समीक्षक / स्वीकर्ता अधिकारियों को ऑनलाइन प्रविष्टि अंकित किये जाने हेतु समय-सीमा निर्धारित की गयी थी, ताकि समयान्तर्गत प्रविष्टियों को पूर्ण कराया जा सकें।

उक्त के सम्बन्ध में यह देखा गया है कि, कतिपय अधिकारियों द्वारा अभी तक अपना वर्ष 2018-19 एवं 2019-20 से सम्बन्धित कार्यविवरण / चल-अचल सम्पत्ति विवरण अपलोड नहीं किया गया तथा कई अधिकारियों द्वारा अपने अधीनस्थ अधिकारियों को प्रतिवेदक अधिकारी के रुप में अपना ऑनलाइन मन्तव्य भी अंकित नहीं किया गया है, जो कि कमिश्नर, वाणिज्य कर द्वारा जारी उक्त परिपत्रों की अवेहलना है, जिसके कारण कमिश्नर, वाणिज्य कर द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए, इस स्थिति को अत्यन्त खेदजनक बताया गया है। प्रविष्टियों के समयान्तर्गत पूर्ण न होने के कारण मुख्यालय को डी0पी0सी0 एवं ए0सी0पी0 सम्बन्धी प्रकरणों में शासन के समक्ष बार-बार अप्रिय स्थिति का सामना भी करना पड़ता है।

समसंदर्भ में ही अवगत कराना है कि, वर्ष 2018-19 एवं 2019-20 हेतु कार्यविवरण / चल-अचल सम्पत्ति विवरण अपलोड किये जाने हेतु एक अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए ई0आई0एम0एस0 पोर्टल दिनांक 15-09-2021 तक इस निर्देश के साथ पुनः खोला जा रहा है जिससे कि, कमिश्नर, वाणिज्य कर द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में आप सभी उक्त नियत तिथि तक अपना कार्यविवरण अपोलड करना सुनिश्चित करें। तत्क्रम में ही प्रतिवेदक / समीक्षक / स्वीकर्ता अधिकारी द्वारा ऑनलाइन अंकित की जानी वाली प्रविष्टियों के सम्बन्ध में भी तिथि निर्धारित की गयी है:-

क्रम सं0	प्रतिवेदक अधिकारी हेतु तिथि	समीक्षक अधिकारी हेतु तिथि	स्वीकर्ता अधिकारी हेतु तिथि
1.	15-10-2021	15-11-2021	15-12-2021

अतः कमिश्नर, वाणिज्य कर द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि, वर्ष 2018-19 एवं 2019-20 हेतु अपना वार्षिक कार्यविवरण / चल-अचल सम्पत्ति विवरण ऑनलाइन अपलोड करने एवं अपने अधीनस्थ अधिकारियों को ऑनलाइन प्रविष्टियां अंकित करने हेतु उक्त निर्धारित समय-सीमा का पालन करना प्रत्येक दशा में सुनिश्चित करें। उक्त निर्धारित समय-सीमा के उपरान्त भी यदि किसी अधिकारी द्वारा अपना कार्यविवरण / चल-अचल सम्पत्ति विवरण अपलोड करने एवं अपने अधीनस्थ अधिकारियों की ऑनलाइन प्रविष्टिया अंकित नहीं की जाती है तो, उनके विरुद्ध प्रतिकूल दृष्टिकोण अपनाया जायेगा। यह पत्र कमिश्नर, वाणिज्य कर के अनुमोदनोपरान्त जारी किया जा रहा है।

ह0/-

(सुधा वर्मा)
एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृ0प0सं0 व दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः-

1- ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर, मुख्यालय को विभागीय वेबसाईट पर प्रदर्शित करने / वर्ष 2018-19 व 2019-20 हेतु कार्यविवरण / चल-अचल सम्पत्ति अपलोड किये जाने हेतु पोर्टल खोले जाने तथा प्रतिवेदक अधिकारी के रुप में अपने अधीनस्थ अधिकारियों को ऑनलाइन प्रविष्टि प्रदान न करने वाले अधिकारियों की सूची शीघ्र उपलब्ध कराये जाने हेतु।

2- कम्प्यूटर ऑपरेटर स्थापना राजपत्रित अनुभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

3- समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1, वाणिज्य कर, को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे अपने अधीनस्थ सभी अधिकारियों से इस आशय का प्रमाण पत्र प्राप्त कर मुख्यालय प्रेषित करें कि, उनके द्वारा अपने अधीनस्थ समस्त अधिकारियों को प्रतिवेदक / समीक्षक अधिकारी के रुप में ऑनलाइन मन्तव्य दे दिया गया है, तथा उनके द्वारा कोई ऑनलाइन मन्तव्य दिया जाना अब शेष नहीं है।

18/08/2021

ज्वाइन्ट कमिश्नर (स्था0 राज0) वाणिज्य कर
मुख्यालय, लखनऊ।